# प्रतिवेदन

## “एक पेड़ माँ के नाम”

## अभियान 2024



**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्यप्रदेश)**

**(केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

## वृक्षों से माँ जैसा स्नेह करें और उनकी सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखें- कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता
## विश्वविद्यालय स्थापना दिवस: 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरुआत

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के क्रम में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरुआत नैनो टेक्नोलॉजी भवन



एवं कौटिल्य भवन परिसर से की गई. इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ हुआ. कुलपति प्रो. गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. आर. एन. यादव ने वृक्षारोपण किया. कुलपति ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य एक वृक्ष अपनी माँ के नाम अवश्य लगाएं और साथ ही उन वृक्षों से माँ जैसा स्नेह करें और उनकी सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखें. पर्यावरण सुरक्षा हम सभी का दायित्व है और यह तभी संभव हैं जब हम वृक्षों का संरक्षण करेंगे. यदि हम उनकी रक्षा करेंगे तभी हम सबका अस्तित्व बना रहेगा.




हमारा विश्वविद्यालय परिसर हरियाली में समृद्ध है लेकिन हम सब मिलकर इसे और अधिक हरा-भरा और प्रदूषण रहित बनाएं. कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. डी. के नेमा ने बताया कि सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिसर को अधिक से अधिक हरा-भरा रखने के संकल्प के साथ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारीगण, कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित थे. राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी इस अभियान में हिस्सा लिया. कई विभागीय परिसरों में वृक्षारोपण किया गया.

## हरित उत्सव रानी लक्ष्मीबाई कन्या छात्रावास में हर्षोल्लासपूर्ण वृक्षारोपण अभियान

डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय (एक केंद्रीय विश्वविद्यालय) सागर के रानी लक्ष्मीबाई कन्या छात्रावास में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कन्या छात्रावास की मुख्य प्रतिपालिका डॉ. रश्मी सिंह,



रानी लक्ष्मी बाई कन्या छात्रावास की वार्डन डॉ. वंदना राजोरिया, मेस एवं रखरखाव की वार्डन सुश्री शिवानी खरे, निवेदिता गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन डॉ. सुषमा यादव, सरस्वती और निवेदिता हॉस्टल के अन्य प्रतिपलिकाओं, हॉस्टल स्टाफ और रहवासी छात्राओं ने भाग लिया।

उत्सव जैसे माहौल में वृक्षारोपण कार्यक्रम में पूरे स्टाफ, रहवासी छात्राओं और छात्रावास प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वृक्षारोपण में आम, जामुन और अमरूद जैसे विभिन्न प्रकार के फलों के पेड़ों के साथ-साथ पारिजात और गुलमोहर जैसे फूलों के पौधे तथा नीम और अशोक जैसे वायु-शुद्ध करने वाले पौधे शामिल थे, जिससे छात्रावास परिसर के भीतर एक और हरे-भरे बगीचे का निर्माण हुआ।

प्रतिभागियों ने पूरे दिल से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, नए लगाए गए पेड़ों के पोषण और संरक्षण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण  के प्रति विश्वविद्यालय के समर्पण और भावी पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा परिसर तैयार करने के सामूहिक प्रयास को रेखांकित किया।





## सौ फलदार वृक्षों को तैयार करने के संकल्प के साथ निवेदिता कन्या छात्रावास में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के निवेदिता कन्या छात्रावास, परिसर में  हरित आवरण को बढ़ाने एवं छात्राओं के बीच पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।



वृक्षारोपण अभियान पृथ्वी के पर्यावरण के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के लिए एक बड़ी पहल है। निवेदिता कन्या छात्रावास में डॉ रश्मि सिंह मुख्य प्रतिपालिका, डॉ. सुषमा यादव प्रतिपालिका, डॉ. स्वेता शर्मा प्रतिपालिका, मैस एवं रखर खाव, डॉ. वंदना राजौरिया प्रतिपालिका, रानी लक्ष्मी बाई छात्रावास एवं सभी कर्मचारियों ने इस नेक काम में सहभागिता। छात्रावास में रहने वाली सभी छात्राओं ने भी विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों सहित फूलों के पौधों को लगाने में सक्रिय रूप से सहभागिता की।



## स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दर्शनशास्त्र एवं शारीरिक शिक्षा विभाग में किया गया वृक्षारोपण

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा विभागीय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार तिवारी सहित विभाग के शिक्षक, छात्र और कर्मचारियों ने भाग लिया। वृक्षारोपण गवेषणा संस्थान के अध्यक्ष श्री मनोहरलाल चौरसिया के सौजन्य से किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग में भी 'एक पेड़ माँ के नाम' के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया गया, जिसमें विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने पौधा रोपण किया। कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार जताया गया। विदित हो कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के आवाह्न 'एक पेड़ माँ के नाम' के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है.








## पेड़ प्रकृति के प्रति व्यक्त की गई निर्मल कृतज्ञता है : प्रो. नीलिमा गुप्ता

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के युवक छात्रावास में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत छात्रावास परिवार की ओर से 'प्रकृति के प्रति वृक्षारोपण की एक छोटी सी भेंट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया.




कार्यक्रम का उद्घाटन मा. कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने छात्रावास के मुख्य कार्यालय पर अमलतास का पौधा लगाकर किया. उपस्थित लोगों के साथ संवाद करते हुए कुलपति जी ने कहा कि "पेड़ प्रकृति के प्रति व्यक्त किया गया आश्वासन है. यदि हम आज एक पेड़ लगाते हैं तो हम अपने भविष्य को समृद्ध बना रहे हैं, इसलिए हमें पौधरोपण को अपने व्यवहार का एक जरुरी हिस्सा बनाना चाहिए."

प्रतिपालकों, छात्रावासियों और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में आत्मीयता के साथ हिस्सा लेते हुए 100 पेड़ लगाये. इस अवसर पर कुलपति जी ने छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों से संवाद भी किया. इस अवसर पर अध्यक्ष, प्रतिपालक परिषद प्रो.रत्नेश दास, प्रो. सुशील काशव, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. अभिज्ञान द्विवेदी, डॉ. नीरज उपाध्याय, डॉ. बबलू राय, डॉ. अरविन्द गौतम, डॉ. गौतम प्रसाद, डॉ. आशुतोष, सुनील दुबे, अनीस खान, सत्यनारायण सारथी, राम शरण सिंह, महेन्द्र काकोटिया, रेशमपाल सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में छात्रवासी उपस्थित रहे.



## विश्वविद्यालय के आचार्य शंकर भवन प्रांगण में किया वृक्षारोपण

डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के आचार्य शंकर भवन प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर जोगेंद्र सिंह ठाकुर, उनकी टीम के सहयोग एवं कुलपति प्रो. नीलीमा गुप्ता के निर्देशन में संपन्न



हुआ. सागर जिले में स्थित आयुष विभाग द्वारा वृक्षारोपण हेतु वृक्ष उपलब्ध कराये गए जिसमें कई प्रकार के फलदार एवं छायादार वृक्ष एवं सजावट के पेड़ भी सम्मिलित रहे. आचार्य शंकर भवन के प्रभारी प्रोफेसर उत्सव आनंद ने अपनी पूरी टीम के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम को संपन्न कराया. वृक्षारोपण के अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर प्रो. चंद्रा बेन सहित प्रो. दिवाकर राजपूत, प्रो. आनंद त्रिपाठी, डॉ. वीरेंद्र सिंह मत्सेनिया, डॉ. पारुल सारस्वत, डॉ. हिमानी, डॉ. अनुभा जैन, डॉ. प्रगति, संदीप प्रजापति, संदीप जाट, नरेश विश्वकर्मा, सुनील कुमार सोनी, मनोज विश्वकर्मा तथा अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे.

## विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों और उनके परिवारों द्वारा पौधारोपण किया गया. इस दौरान



आम, अमरूद, नीम, केला, मीठी नीम, गुड़हल, जामुन, बेल, हरसिंगार, गुलाब, बेला, चंपा, चमेली आदि विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए. मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि हाल ही में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के निर्देशन में 'एक पेड़



माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण की शुरुआत की गई है. इस अभियान को जारी रखा जाएगा और प्रत्येक वर्ष मानसून अवधि में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया जाएगा. उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाने के साथ ही इस अभियान के उद्देश्य के तहत वृक्षों का संरक्षण भी किया जाएगा. कार्यक्रम में डॉ. किरण, डॉ. भूपेंद्र, अरुण, श्वेता तेजस, देवांशी जैन, विनोद, भगत, राजेंद्र, जयप्रकाश, कमलाबाई और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

# छाया चित्र वीथिका













# कन्या छात्रावास में हर्षोल्लासपूर्ण वृक्षारोपण अभियान



## लगाए गए पेड़ों के पोषण और संरक्षण का संकल्प लिया

सत्ता सुधार ■ सागर

रानी लक्ष्मीबाई कन्या छात्रावास, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय (एक केंद्रीय विश्वविद्यालय) सागर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कन्या छात्रावास की मुख्य प्रतिपालिका डॉ. रश्मी सिंह, रानी लक्ष्मी बाई कन्या छात्रावास की वार्डन डॉ. वंदना राजोरिया, मेस एवं रखरखाव की वार्डन सुश्री शिवानी खरे, निवेदिता गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन डॉ. सुषमा यादव, सरस्वती और निवेदिता हॉस्टल के अन्य प्रतिपलिकाओं, हॉस्टल स्टाफ और रहवासी छात्राओं ने भाग लिया।उत्सव जैसे माहौल में वृक्षारोपण कार्यक्रम में पूरे स्टाफ, रहवासी छात्राओं और छात्रावास प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वृक्षारोपण में आम, जामुन और अमरूद जैसे विभिन्न प्रकार के फलों के पेड़ों के साथ-साथ पारिजात और गुलमोहर जैसे फूलों के पौधे तथा नीम और अशोक जैसे वायु-शुद्ध करने वाले पौधे शामिल थे, जिससे छात्रावास परिसर के भीतर एक और हरे-भरे बगीचे का निर्माण हुआ। प्रतिभागियों ने पूरे दिल से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, नए लगाए गए पेड़ों के पोषण और संरक्षण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति विश्वविद्यालय के समर्पण और भावी पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा परिसर तैयार करने के सामूहिक प्रयास को रेखांकित किया।

एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में तारतम्य में नगर पुलिस अधीक्षक आरोपी के द्वारा मृतक के साथ मुर्गा

# रानी लक्ष्मीबाई कन्या छात्रावास में हर्षोल्लास पूर्ण वृक्षारोपण किया गया

दबंग बुन्देलखण्ड

सागर। रानी लक्ष्मीबाई कन्या छात्रावास,डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कन्या छात्रावास की मुख्य प्रतिपालिका डॉ. रश्मि सिंह, रानी लक्ष्मी बाई कन्या छात्रावास की वार्डन डॉ. वंदना राजौरिया, मेस एवं रख रखाव की वार्डन सुश्री शिवानी खरे, निवेदिता गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन डॉ. सुषमा यादव, सरस्वती और निवेदिता हॉस्टल के अन्य प्रतिपलिकाओं, हॉस्टल स्टाफ और रहवासी छात्राओं ने भाग लिया। उत्सव जैसे माहौल में वृक्षारोपण कार्यक्रम में पूरे स्टाफ, रहवासी छात्राओं और छात्रावास प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग



लिया। वृक्षारोपण में आम, जामुन और अमरूद जैसे विभिन्न प्रकार के फलों के पेड़ों के साथ-साथ पारिजात और गुलमोहर जैसे फूलों के पौधे तथा नीम और अशोक जैसे वायु-शुद्ध करने वाले पौधे शामिल थे। जिससे छात्रावास परिसर के भीतर एक और हरे-भरे बगीचे का निर्माण हुआ। प्रतिभागियों ने पूरे दिल से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए। नए लगाए गए पेड़ों के पोषण और संरक्षण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति विश्वविद्यालय के समर्पण और भावी पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा परिसर तैयार करने के सामूहिक प्रयास को रेखांकित किया।

# फलदार 100 पौधों का किया रोपण



सागर @ पत्रिका. डॉ. हरिसिंह गौर विवि के निवेदिता कन्या छात्रावास परिसर में बुधवार को पौधरोपण किया गया। छात्रावास में मुख्य प्रतिपालिका डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि पौधरोपण अभियान पृथ्वी के पर्यावरण के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के लिए एक बड़ी पहल है। इस मौके पर डॉ. सुषमा यादव, डॉ. श्वेता शर्मा एवं डॉ. वंदना राजोरिया सहित सभी कर्मचारियों ने इस कार्य में सहभागिता। छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने भी पौधरोपण किया।

# विश्वविद्यालय: सौ फलदार वृक्षों को तैयार करने के संकल्प के साथ निवेदिता कन्या छात्रावास में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



दबंग बुंदेलखंड

सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के निवेदिता कन्या छात्रावास, परिसर में हरित आवरण को बढ़ाने एवं छात्राओं के बीच पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण अभियान पृथ्वी के पर्यावरण के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के लिए एक बड़ी पहल है। निवेदिता कन्या छात्रावास में डॉ रश्मि सिंह मुख्य प्रतिपालिका, डॉ. सुषमा यादव प्रतिपालिका, डॉ. स्वेता शर्मा प्रतिपालिका, मैस एवं रखर खाव, डॉ. वंदना राजौरिया प्रतिपालिका, रानी लक्ष्मी बाई छात्रावास एवं सभी कर्मचारियों ने इस नेक काम में सहभागिता। छात्रावास में रहने वाली सभी छात्राओं ने भी विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों सहित फूलों के पौधों को लगाने में सक्रिय रूप से सहभागिता की।

# वृक्षों से मां जैसा स्नेह करें और उनकी सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखें: कुलपति



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के दिशा निर्देशों के क्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत नैनो टेक्नोलॉजी भवन एवं कौटिल्य भवन परिसर से की गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ हुआ। कुलपति प्रो. गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. आरएन यादव ने पौधारोपण किया। कुलपति ने इस अवसर पर कहा कि सभी विद्यार्थी, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विवि परिवार के सभी सदस्य एक वृक्ष अपनी मां के नाम अवश्य लगाये और साथ ही उन वृक्षों से मां जैसा स्नेह करें और उनकी सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखें। पर्यावरण सुरक्षा हम सभी का दायित्व है और यह तभी संभव हैं जब हम वृक्षों का संरक्षण करेंगे। यदि हम उनकी रक्षा करेंगे तभी हम सबका अस्तित्व बना रहेगा। हमारा विश्वविद्यालय परिसर हरियाली में समृद्ध है लेकिन हम सब मिलकर इसे और अधिक हरा भरा और प्रदूषण रहित बनायें। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. डीके नेमा ने बताया कि सम्पूर्ण विवि परिसर को अधिक से अधिक हरा भरा रखने के संकल्प के साथ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर विवि के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी इस अभियान में हिस्सा लिया। कई विभागीय परिसरों में पौधारोपण किया गया।

---

**संक्षिप्त समाचार**

## वृक्षों से माँ जैसा स्नेह करें और उनकी सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखें : कुलपति

**विश्वविद्यालय स्थापना दिवस: एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत**



<u>दबंग बुंदेलखंड</u>

सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के क्रम में एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत नैनो टेक्नोलॉजी भवन एवं कौटिल्य भवन परिसर से की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ हुआ।कुलपति प्रो. गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि प्रो.आर. एन. यादव ने वृक्षारोपण किया।कुलपति ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी, शिक्षक, अधिकारी,कर्मचारी एवं विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य एक वृक्ष अपनी माँ के नाम अवश्य लगाएं और साथ ही उन वृक्षों से माँ जैसा स्नेह करें और उनकी सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखें। पर्यावरण सुरक्षा हम सभी का दायित्व है और यह तभी संभव हैं। जब हम वृक्षों का संरक्षण करेंगे. यदि हम उनकी रक्षा करेंगे तभी हम सबका अस्तित्व बना रहेगा।हमारा विश्वविद्यालय परिसर हरियाली में समृद्ध है लेकिन हम सब मिलकर इसे और अधिक हरा-भरा और प्रदूषण रहित बनाएं। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. डी. के नेमा ने बताया कि सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिसर को अधिक से अधिक हरा-भरा रखने के संकल्प के साथ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारीगण,कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी इस अभियान में हिस्सा लिया। कई विभागीय परिसरों में वृक्षारोपण किया गया।

---

## स्थापना दिवस पर विभाग में किया पौधरोपण



जागरण, सागर। डॉ.गौर विश्वविद्यालय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा विभागीय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ.अनिल कुमार तिवारी सहित विभाग के शिक्षक, छात्र और कर्मचारियों ने भाग लिया। पौधरोपण गवेषणा संस्था के अध्यक्ष मनोहरलाल चौरसिया के सौजन्य से किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग में भी एक पेड़ मां के नाम के अन्तर्गत पौधरोपण किया गया। जिसमें विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने पौधारोपण किया।

---

## स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण



**सागर @ पत्रिका.** डॉ. हरिसिंह गौर विवि के स्थापना दिवस पर दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा विभागीय परिसर में पौधरोपण किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार तिवारी सहित विभाग के शिक्षक, छात्र और कर्मचारियों ने भाग लिया। पौधरोपण गवेषणा संस्था के अध्यक्ष मनोहरलाल चौरसिया के सहयोग से किया गया।

# आचार्य शंकर भवन प्रांगण में फलदार व छायादार पौधे लगाए



**सागर @ पत्रिका.** डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के आचार्य शंकर भवन प्रांगण में गुरुवार को पौधरोपण हुआ। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर जोगेंद्र सिंह ठाकुर एवं कुलपति प्रो. नीलीमा गुप्ता के निर्देशन में पौधरोपण किया। फलदार एवं छायादार पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्रॉक्टर प्रो. चंद्रा बेन, प्रो. दिवाकर राजपूत, प्रो. आनंद त्रिपाठी, डॉ. वीरेंद्र सिंह मत्सेनिया, डॉ. पारुल सारस्वत, डॉ. हिमानी, डॉ. अनुभा जैन, डॉ. प्रगति, संदीप प्रजापति, संदीप जाट, नरेश विश्वकर्मा, सुनील कुमार सोनी एवं मनोज विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।



# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण

**सागर.** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधारोपण किया गया. इस दौरान डॉ .अभिषेक जैन, डॉ. किरण, डॉ .भूपेंद्र, अरुण, श्वेता तेजस, देवांशी जैन, विनोद, भगत, राजेंद्र, जयप्रकाश, कमलाबाई उपस्थित थे .

# विवि परिसर में लगाए आम केला और अमरूद के पौधे



विवि परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। • नवदुनिया

**नवदुनिया प्रतिनिधि, सागर :** डाक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों और उनके स्वजनों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान आम, अमरूद, नीम, केला, मीठी नीम, गुड़हल, जामुन, बेल, हरसिंगार, गुलाब, बेला, चंपा, चमेली आदि विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अभिषेक जैन ने बताया कि हाल ही में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के निर्देशन में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

पौधारोपण की शुरुआत की गई है। इस अभियान को जारी रखा जाएगा और प्रत्येक वर्ष मानसून अवधि में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही इस अभियान के उद्देश्य के तहत वृक्षों का संरक्षण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में डा. किरण, डा. भूपेंद्र, अरुण, श्वेता तेजस, देवांशी जैन, विनोद, भगत, राजेंद्र, जयप्रकाश, कमलाबाई और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पौधारोपण को व्यवहार का जरूरी हिस्सा बनाएं



पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया गया। • नवदुनिया

**नवदुनिया प्रतिनिधि, सागर :** डा. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत छात्रावास परिवार की ओर से 'प्रकृति के प्रति पौधारोपण की एक छोटी सी भेंट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने छात्रावास के मुख्य कार्यालय पर अमलतास का पौधा लगाकर किया।

उन्होंने कहा कि "पेड़ प्रकृति के प्रति व्यक्त किया गया आश्वासन है। यदि हम आज एक पेड़ लगाते हैं तो हम अपने भविष्य को समृद्ध बना रहे हैं, इसलिए हमें पौधरोपण को अपने व्यवहार का एक जरूरी हिस्सा बनाना चाहिए। प्रतिपालकों, छात्रावासियों और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में आत्मीयता के साथ हिस्सा लेते हुए 100 पेड़ लगाएं। इस अवसर पर कुलपति जी ने छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों से संवाद भी किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष, प्रतिपालक परिषद प्रो .रत्नेश दास, प्रो . सुशील काशव, डा . राकेश सोनी, डा . अभिज्ञान द्विवेदी, डा . नीरज उपाध्याय, डा . बबलू राय, डा . अरविन्द गौतम, डा . गौतम प्रसाद, डा . आशुतोष, सुनील दुबे, अनीस खान, सत्यनारायण सारथी, राम शरण सिंह, महेन्द्र काकोटिया, रेशमपाल सिंह के साथ ही बड़ी संख्या मे छात्रवासी उपस्थित रहे।

## पेड़ प्रकृति के प्रति व्यक्त की गई निर्मल कृतज्ञता है: गुप्ता

सागर, आचरण। युवक छात्रावास, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत छात्रावास परिवार की ओर से प्रकृति के प्रति वृक्षारोपण की एक छोटी सी भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने छात्रावास के मुख्य कार्यालय पर अमलतास का पौधा लगाकर किया. उपस्थित लोगों के साथ संवाद करते हुए कुलपति ने कहा कि पेड़ प्रकृति के प्रति व्यक्त किया गया आश्वासन है. यदि हम आज एक पेड़ लगाते हैं तो हम अपने भविष्य को समृद्ध बना रहे हैं, इसलिए हमें पौधरोपण को अपने व्यवहार का एक जरूरी हिस्सा बनाना चाहिए. प्रतिपालकों, छात्रावासियों और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में आत्मीयता के साथ हिस्सा लेते हुए 100 पेड़ लगाये। इस अवसर पर कुलपति जी ने छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर अध्यक्ष, प्रतिपालक परिषद प्रो.रत्नेश दास, प्रो. सुशील काशव, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. अभिज्ञान द्विवेदी, डॉ. नीरज उपाध्याय, डॉ. बबलू राय, डॉ. अरविन्द गौतम, डॉ. गौतम प्रसाद, डॉ. आशुतोष, सुनील दुबे, अनीस खान, सत्यनारायण सारथी, राम शरण सिंह, महेन्द्र काकोटिया, रेशमपाल सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में छात्रवासी उपस्थित रहे।

## सौ फलदार वृक्षों को तैयार करने के संकल्प के साथ पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न



सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के निवेदिता कन्या छात्रावास, परिसर में हरित आवरण को बढ़ाने एवं छात्राओं के बीच पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। पौधारोपण अभियान पृथ्वी के पर्यावरण के पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने के लिये एक बड़ी पहल है। निवेदिता कन्या छात्रावास में डॉ. रश्मि सिंह मुख्य प्रतिपालिका, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. श्वेता शर्मा, डॉ. वंदना राजोरिया, रानी लक्ष्मी बाई छात्रावास एवं सभी कर्मचारियों ने इसमें सहभागिता। छात्रावास में रहने वाली सभी छात्राओं ने भी विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों सहित फूलों के पौधों को लगाने में सक्रिय रूप से सहभागिता की।